Di Code 233305344695
School Code 641233
KANYA SHIKSHA PARISAR, SEHORE
RUN BY SURYA FOUNDATION
Sehore-Indore by pass Road, In front of R.T.O. Office,
Crescent Resort Cross Road, Sehore - 466001 (M. P.)
9540780079 sehoreksp@gmail.com kspsehore.ac.in

खेल मैदान के समतलीकरण हेतु सीमित निविदा

•	निविदा भरने वाले निविदाकर्ता का नाम	-	
•	पंजीकृत कार्यालय का पता, फोन नंबर, ईमेल इत्यादि	-	
•	निविदा की तारीख़	-	27 नवंबर 2023.
•	निविदा भरने की तारीख़	-	27 नवंबर 2023 से 06 दिसम्बर 2023 तक
•	निविदा भेजने की अंतिम तारीख़	-	06 दिसम्बर 2023
•	निविदा खुलने की संभावित तारीख	-	07 दिसम्बर 2023, सुबह 10 बजे.
•	निविदा शुल्क (अप्रतिदेय)	-	Rs 100/-

निविदा का विवरण :- खेल मैदान का समतलीकरण

S. No.	Total Size of Work in Sq. Mtrs	Depth	Nature of Work	Time Alloted for Completion of Work
1.	13000 Sq Mtrs Apprx.	2-3 ft as per the requirement	Cultivating Levelling Roller Work Finishing of Surface	07 (Seven) Days
नोट :-	निविदा जमा करने से पहले बोली लगाने वाले को ग्राउंड विजिट करना अनिवार्य है।			

निविदाकर्ता रेट का उल्लेख करें

S. No.	Total Size of Work in Sq. Mtrs	Depth	Nature of Work	Time Alloted for Completion of Work	Rate Per Sq. Mtr (Including all taxes)
1.	13000 Sq Mtrs Apprx.	2-3 ft as per the requirement	Cultivating Levelling Roller Work Finishing of Surface	07 (Seven) Days	Rs .... Rupees.............................. ....

Note: - Amount to be mentioned in fiqure and words.

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर, तारीख और
उसके व्यवसाय-प्रतिष्ठान की मुहर अगर हो तो

तारीख : 2023

निविदा की शर्तें :-

1. निविदा खुलने की संभावित तारीख 07 दिसम्बर 2023, सुबह 10 बजे रहेगी।
2. निविदा भरकर पहुँचने की अंतिम तारीख 06 दिसम्बर 2023 शाम 5:00 बजे तक रहेगी।
3. निविदा 31/03/2024 तक मान्य रहेगी।
4. निविदा फॉर्म के साथ निविदाकर्ता को जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन , आधार कार्ड और पैन कार्ड संग्लन करना होगा।
5. जिस निविदाकर्ता ने निविदा भरी है वह निविदा में लगाये गए सभी दस्तावेजों की प्रतियों सहित प्रत्येक पृष्ठ संख्या पर अपने स्वयं के हस्ताक्षर करके भेजेगा। दोषपूर्ण या समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाएं नहीं खोली जाएंगी और निविदाएं अमान्य मानी जाएंगी। निविदाकर्ता द्वारा भरे गए रेट में किसी भी प्रकार से बदली नही की जा सकेगी।
6. सरकार के नियमों और विनियमों में समय-समय पर किए गए संशोधन या बदलाव, निविदाकर्ता पर बाध्यकारी होंगे साथ ही सभी प्रकार के टैक्स आदि का पूरा वहन निविदाकर्ता को ही करना होगा।
7. नियम अनुसार टैक्स काटकर बिल का भुगतान किया जाएगा।
8. किसी भी प्रकार की कोई सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी, यदि निविदा में कोई शर्त रखी जाती है तो निविदा स्वतः ही निरस्त कर दी जाएगी।
9. निविदा को स्वीकृति और अस्वीकृत करने, स्थगित करने या रद्द करने का अंतिम अधिकार निविदा आमंत्रित करने वाले स्थानीय प्राधिकारी के पास है और इसके संबंध में कोई कारण नहीं बताया जाएगा।
10. कार्य की गुणवत्ता निविदाकर्ता द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।
11. इस संबंध में न्यायालय की कार्यवाही विवाद के संबंध में कानून का क्षेत्र सीहोर जिला रहेगा।
12. प्रशासनिक कारणों से या ग्रांट की कमी के कारण या निविदाकर्ता की ओर से कार्य में किसी प्रकार की कमी के कारण, बिलों के भुगतान में देरी के मामले में कोई विवाद उत्पन्न नहीं होगा।
13. यदि निविदा प्रपत्र में किसी तथ्य का झूठा खुलासा पाया जाता है तो निविदा को अस्वीकार कर दिया जाएगा इस मामले में विद्यालय के प्रबंधक का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
14. निविदाकर्ता को लिफाफे के शीर्ष पर “लाल स्याही” से किस मद में निविदा प्रपत्र भरा गया है यह अवश्य अंकित करना रहेगा।
15. कन्या शिक्षा परिसर , सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित में कार्य के निष्पादन और समापन के लिए काम करते समय निविदाकर्ता अपनी जनशक्ति और उपकरणों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से स्वयं जिम्मेदार होगा। निविदाकर्ता द्वारा विद्यालय में अपनी जनशक्ति और उपणों की सुरक्षा एवं संरक्षा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति की मांग नही की जाएगी।
16. कोई भी कर्मी विद्यालय में कार्य करते समय छात्राओ से संपर्क में नही आयेगा यदि कोई कर्मचारी विद्यालय की किसी भी संपत्ति को नुकशान पहुँचता है तो निविदाकर्ता पूरी तरह से जिम्मेदार होगा और अपने कर्मचारी द्वारा की गयी क्षति की लागत का प्रतिपूर्ति करेगा।
17. उपरोक्त 1 से 16 तक सभी शर्तें मेरे द्वारा पूर्ण रूप से पढ़ ली गई है और मैं पूरी तरह से पालन करने का वचन देता हूं। शर्तो के उल्लंघन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय अंतिम होगा और मेरे लिए पूरी तरह से बाध्यकारी होगा।
18. मैं अधोहस्ताक्षरी एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि निविदा कि उपरोक्त सभी शर्तें मुझे स्वीकार्य है ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर, तारीख और
उसके व्यवसाय-प्रतिष्ठान की मुहर अगर हो तो

तारीख :   2023